# HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनाँक 22.09.2023

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा/समवन्य बैठक

आज दिनांक 22.09.2023 को समय 13.00 बजे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हमीरपुर के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा/समवन्य बैठक रिजर्व पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर के सभागार कक्ष मे आहुत की गयी । जिसमें श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय सदर हमीरपुर, AHTU व SJPU , डीसीआरबी प्रभारी, तथा महिला सेल में नियुक्त अधिकारी /कर्मचारी मौजूद रहे व समस्त थानो में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/ सहायक बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व सी0डब्लू0सी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, वन स्टाफ सेन्टर तथा जन साहस केंद्र (एनजीओ) के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक मे मुख्य बिन्दु बालश्रम, भिक्षावृत्ति की रोक थाम, व पाक्सो एक्ट के मामलों में आरोप पत्र प्रेषित करते समय फार्म A तथा B को भरने के दिशा निर्देशो का पालन आदि के सम्बंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई, साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगो पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया ।






2023/09/22 14:25